# XXXIII Olympics Paris 2024

The 2024 Summer Olympics, fondly known as Paris 2024 or the Games of the XXXIII Olympiad, are poised to be a momentous event in the world of sports, culture, and international camaraderie. Commenced on 26th July 2024 in Paris, France, these Games hold special significance as they mark the centennial of the 1924 Paris Olympics, bringing a sense of historical continuity and celebration to the forefront. With a rich tapestry of 32 sports, 329 events, and an anticipated participation of 10,500 athletes from over 200 National Olympic Committees (NOCs), alongside the inclusion of the IOC Refugee Olympic Team, Paris 2024 promises to be a truly global spectacle, showcasing the pinnacle of human athletic achievement.

An unprecedented feature of Paris 2024 is its commitment to gender equality, symbolized by an equal representation of male and female athletes, a historic first in the Olympic Games. This milestone underscores the ongoing efforts towards inclusivity and fairness in the realm of sports, resonating with the Olympic values of excellence, friendship, and respect. The inclusivity extends to the medal design itself, with each medal incorporating hexagon-shaped tokens of scrap iron from the original construction of the iconic Eiffel Tower, an emblem of French ingenuity and heritage. On the reverse side, the medals depict Nike, the Greek goddess of victory, set within the historic Panathenaic Stadium, with the Parthenon and the Eiffel Tower standing proudly in the background, symbolizing the timeless spirit of athletic triumph.

India, with its rich sporting heritage and burgeoning talent pool, is poised to make its mark at Paris 2024 across various disciplines. The Department of Posts is issuing a set of four commemorative stamps featuring sports such as Javelin Throw, Field Hockey, Sailing, and Table Tennis to underscore India's achievements and contributions to the Olympic movement. From the historic gold medal in Javelin Throw at the Tokyo 2020 Olympics to the storied legacy of Indian hockey, exemplified by multiple Olympic medals, including eight golds, India's sporting prowess continues to captivate and inspire.

Moreover, the burgeoning popularity of water sports like Sailing and the emergence of Indian Table Tennis athletes on the global stage further underscore India's growing footprint in diverse sporting arenas. With both the Men's and Women's Table Tennis teams qualifying for the Olympics for the first time in history, Paris 2024 heralds a new era of possibilities and potential for Indian athletes, signaling the country's emergence as a force to be reckoned with on the international stage.

At its core, the Olympic motto "Citius, Altius, Fortius" - Faster, Higher, Stronger - encapsulates the spirit of Paris 2024 and the enduring legacy of the Olympic Games. It serves as a reminder of the unyielding pursuit of excellence, the relentless drive for progress, and the boundless potential of human achievement. As athletes from around the world converge in Paris to compete on the grandest stage of all, they embody the values of determination, resilience, and sportsmanship that define the Olympic Movement, inspiring generations and uniting nations in the shared pursuit of a better world.

The Department of Posts and the Indian Olympic Association are delighted to release miniature Sheet consisting of four Commemorative Postage Stamps on XXXIII Olympics Paris 2024. These stamps honor the spirit of sporting excellence and international unity showcased at Paris 2024. Representing sports like Javelin Throw, Field Hockey, Sailing, and Table Tennis, each stamp celebrates the diversity and talent of athletes competing on the world stage. The Miniature Sheet captures the essence of the Olympic Games, serving as a cherished memento for collectors and enthusiasts. The First Day Cover, adorned with a distinctive cancellation mark, signifies the official commencement of the stamp's circulation, adding a special touch to this commemorative collection. Through these stamps, we pay tribute to the dedication, perseverance, and sportsmanship of athletes who inspire us all with their remarkable achievements.

**Credits:**

Miniature Sheet/FDC/Brochure/ Cancellation Cachet : Sh. Brahm Prakash

Text : Referenced from content provided by Proponent

डाक विभाग

Department of Posts



**XXXIII ओलंपिक पेरिस 2024**

XXXIII OLYMPICS PARIS 2024

विवरणिका BROCHURE

# XXXIII ओलंपिक पेरिस 2024

2024 ग्रीष्मकालीन ओलंपिक अर्थात् 'पेरिस 2024', खेल–कूद, संस्कृति और विश्व बंधुत्व की भावना की दिशा में एक महत्वपूर्ण आयोजन है। 26 जुलाई 2024 को फ्रांस की राजधानी पेरिस में प्रारम्भ हुऐ इन खेलों का विशेष महत्व है, क्योंकि ये खेल वर्ष 1924 के पेरिस ओलंपिक के शताब्दी वर्ष में आयोजित किए जा रहे हैं। इस प्रकार यह आयोजन खेलों के ऐतिहासिक उत्सव के महत्व को रेखांकित करता है। इस खेल महाकुंभ में 32 खेल स्पर्धाएं व 329 आयोजन शामिल हैं। 200 से अधिक राष्ट्रीय ओलंपिक समितियों (एनओसी) के लगभग 10,500 एथलीटों के अलावा आईओसी शरणार्थी ओलंपिक टीम के सदस्य भी इसमें भाग लेंगे। पेरिस 2024 वास्तव में एक ऐसा शानदार वैश्विक आयोजन है, जो खेल जगत की उत्कृष्ट उपलब्धियों का चरमोत्कर्ष होगा।

पेरिस 2024 की एक अभूतपूर्व विशेषता यह भी है कि इस बार ओलंपिक खेलों में, ऐतिहासिक रूप से पहली बार पुरुष और महिला एथलीटों की संख्या एकदम बराबर होगी, जो महिला–पुरुष समानता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह उपलब्धि खेल के क्षेत्र में समावेशिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने की दिशा में चल रहे प्रयासों को भी रेखांकित करती है, जिसमें ओलंपिक की मूल भावना अर्थात् उत्कृष्टता, मैत्री और सम्मान भी प्रतिध्वनित होते है। समावेशिता की यह भावना पदक के डिजाइन में भी प्रतिबिंबित होती है। प्रत्येक पदक में फ्रांसिसी कौशल और विरासत के प्रतीक सुप्रसिद्ध आइफिल टॉवर के निर्माण के समय प्रयोग में लाए गए लोहे के षट्कोण आकार के टोकन शामिल हैं। पदक की पिछली तरफ पार्थेनन और आइफिल टॉवर की पृष्ठभूमि के साथ ऐतिहासिक पैनाथेनिक स्टेडियम के भीतर यूनानी सभ्यता की 'विजय की देवी' नाइकी का चित्र उकेरा गया है, जो खेलों में विजय की शाश्वत भावना का प्रतीक है।

भारत अपनी समृद्ध खेल विरासत और बढ़ती प्रतिभाओं के बल पर पेरिस 2024 में विभिन्न खेलों में अपनी छाप छोड़ने के लिए तैयार है। भाला फेंक, फील्ड हॉकी, सेलिंग और टेबल टेनिस जैसे खेलों पर जारी किए जा रहे चार स्मारक डाक–टिकट, ओलंपिक खेलों में भारत की उपलब्धियों और योगदान को रेखांकित करते हैं। आठ स्वर्ण सहित विभिन्न ओलंपिक पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम की समृद्ध विरासत से लेकर टोक्यो 2020 ओलंपिक में भाला फेंक प्रतियोगिता में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने तक का भारत का शानदार सफर, लोगों को आकर्षित और प्रेरित करने वाला है।

इसके अलावा, सेलिंग जैसे वाटर स्पोर्टस की बढ़ती लोकप्रियता और वैश्विक मंच पर उभरते भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी, विभिन्न खेलों के क्षेत्र में भारत के बढ़ते दबदबे को रेखांकित करते हैं। भारतीय खेलों के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब पुरुष और महिला, दोनों टेबल–टेनिस टीमों ने ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया है। इस प्रकार, पेरिस 2024 भारतीय एथलीटों के लिए संभावनाओं एवं क्षमता प्रदर्शन के एक नए युग का सूत्रपात करता है और यह अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत के एक ताकत के रूप में उभरने का संकेत है।

ओलंपिक के आदर्श वाक्य " सीटियस , आल्टियस , फोर्टियस " – तीव्रतर, उच्चतर, सशक्त में पेरिस 2024 की मूल भावना और ओलंपिक खेलों की अटूट विरासत समाहित है। यह निरंतर उत्कृष्टता की ओर बढ़ते रहने, प्रगति की अदम्य चाह और उपलब्धियों की दिशा में मानव की अपार क्षमता का प्रतीक है। पेरिस में आयोजित होने वाले इस शानदार आयोजन में दुनियाभर के एथलीट शामिल होंगे। विभिन्न देशों से आने वाले ये खिलाड़ी ओलंपिक खेलों की पहचान जैसे अटूट संकल्प, दृढ़शक्ति और खेल की अदम्य भावना के प्रतीक बनेंगे और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करते हुए, एक बेहतर दुनिया के साझा लक्ष्य के प्रति राष्ट्रों को एकजुट करेंगे।

डाक विभाग और भारतीय ओलंपिक संघ, 'XXXIII ओलंपिक पेरिस 2024' पर चार स्मारक डाक–टिकट वाली मिनिएचर शीट जारी करते हुए प्रसन्नता का अनुभव करता है। ये डाक–टिकट, पेरिस 2024 में खेलों के क्षेत्र में उत्कृष्टता और अंतरराष्ट्रीय एकता की भावना के प्रति सम्मान प्रकट करते हैं। भाला फेंक, फील्ड हॉकी, सेलिंग और टेबल–टेनिस जैसे खेलों को दर्शाते ये डाक–टिकट, विश्व मंच पर प्रतिस्पर्धा करने वाले एथलीटों की विविधता और प्रतिभा को रेखांकित करते हैं। मिनिएचर शीट ओलंपिक खेलों की मूल भावना को दर्शाती है और यह संग्रहकर्ताओं और खेल प्रेमियों के लिए अविस्मरणीय स्मृति चिह्न होगी। विशिष्ट विरूपण चिह्न से सुसज्जित प्रथम दिवस आवरण इस डाक–टिकट के आधिकारिक रूप से प्रचलन के आरंभ का प्रतीक है, जो इस स्मारक डाक–टिकट संग्रह को और भी विशेष बनाता है। इन डाक–टिकटों के माध्यम से हम, अपनी विलक्षण उपलब्धियों से हमें प्रेरित करने वाले खिलाड़ियों के समर्पण भाव, संकल्प और खेल भावना के प्रति सम्मान प्रकट करते हैं।

**आभार :**

मिनिएचर शीट/प्रथम दिवस आवरण/ : श्री ब्रह्म प्रकाश
विवरणिका/विरूपण कैशे

पाठ : प्रस्तावक द्वारा प्रदत्त सामग्री से संदर्भित

## तकनीकी आंकड़े

**TECHNICAL DATA**

| | |
|---|---|
| मूल्यवर्ग | : 500 पैसे (4) |
| Denomination | : 500 p (4) |
| मुद्रित मिनियेचर शीट्स | : 111000 |
| Miniature Sheets Printed | : 111000 |
| मुद्रण प्रक्रिया | : वेट ऑफसेट |
| Printing Process | : Wet Offset |
| मुद्रक | : प्रतिभूति मुद्रणालय, हैदराबाद |
| Printer | : Security Printing Press, Hyderabad |

The philatelic items are available for sale at Philately Bureaus across India and online at http://www.epostoffice.gov.in/PHILATELY_3D.html

© डाक विभाग, भारत सरकार। डाक टिकट, प्रथम दिवस आवरण तथा सूचना विवरणिका के संबंध में सर्वाधिकार विभाग के पास है।

© Department of Posts, Government of India. All rights with respect to the Stamp, First Day Cover and Information Brochure rest with the Department.

मूल्य ₹ 5.00